

# एनर्जी लॉकडाउन की अफवाह से पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़

## पेट्रोल-डीजल भराने अद्दी, कैन और टंकी लेकर पहुंचे लोग, कलेक्टर ने कहा पर्याप्त मात्रा में है भण्डारण





नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/ मुंगावली।** जिले में फैली एनर्जी लॉकडाउन की अफवाह ने आम जनता के बीच भारी हलचल पैदा कर दी है। जिसके चलते जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर शुक्रवार को लोगों को भीड़ देखने को मिली। स्थिति इतनी अनियंत्रित हो गई कि जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। वहीं डीजल-पैट्रोल की अफवाह और लोगों के पैट्रोल पंप पहुंचने के बाद कलेक्टर सांकेत मालवीय ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में डीजल-पैट्रोल का भण्डारण है। यह सिर्फ कोरी अफवाह है, वहीं जिन लोगों को तेल लग भी नहीं है वह भी लेने के लिए पहुंच रहे है। जिसके कारण परेशानी हो रहीं है। वहीं उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि जो लोग अद्दी, कैन और टंकी में पैट्रोल एकत्रित कर रहे है ऐसे सभी देने और लेने वालों लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।

### पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा:

मुंगावली में बिगड़ती स्थिति को देखते हुए एसडीएम इसरार खान, तहसीलदार अनीश धाकड़ व थाना प्रभारी मुंगावली भारी पुलिस बल के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद भीड़ को व्यवस्थित किया और लोगों को समझाइस दी कि क्षेत्र में ईंधन की कोई कमी नहीं है। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं है। एसडीएम इसरार खान ने बताया कि जमाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल-डीजल केवल वाहनों की टंकियों में ही भरा जाए। केन या बोतलों में ईंधन देने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है ।साथ ही यह स्पष्ट किया कि नगर में ईंधन की आपूर्ति सुचारू है और किसी भी प्रकार के लॉकडाउन की बात महज एक अफवाह है।



### अद्दी, केन और टंकी लेकर पहुंचे लोग:

पैट्रोल, डीजल की कमी की अफवाह के चलते जिलेभर के अधिकांश पैट्रोल पंपो पर सुबह से ही लोगों की भीड़ नजर आई। जिनमें वाहन चालक से लेकर आम लोग भी भीड़ का हिस्सा रहे। तो वहीं कई लोग ऐसे थे, जो अद्दी, कैन और पानी की टंकी लेकर पैट्रोल भरवाने के लिए पैट्रोल पंपो पर पहुंचे। वहीं मुंगावली के रिलायंस पेट्रोल पंप और स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही लोग अपने वाहनों के साथ-साथ प्लास्टिक की केन सहित अन्य बर्तन लेकर डीजल-पेट्रोल भरवाने पहुंच गए। भारी भीड़ और जल्दी ईंधन पाने की होड़ के कारण पंपों पर वाद-विवाद और हंगामे की स्थिति भी निर्मित हुई। लोग डर के मारे हफ्तों का स्टॉक जमा करने की कोशिश करते दिखे। तो वहीं दिनभर पैट्रोल पंपो पर फ्यूट खत्म होने की सूचना मिलती रहीं। वहीं कलेक्टर ने अपील की है वह ऐसी अफवाहों में न आए और ईधन की स्टॉक करने से बचे।

### स्ट्रीट लाइट से जगमग होगा शाढ़ौरा

**अशोकनगर।** अब नगर परिषद शाढ़ौरा की सड़कें और गली मोहल्ले रोशनी से जगमगाएंगे नगर के लोगों की बरसों पुरानी मांग शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर पूरी हो गई और नगर में शुक्रवार से स्ट्रीट लाइट लगने का कार्य प्रारंभ हो गया है।

नगर परिषद शाढ़ौरा के अध्यक्ष अशोक माहौर एवं पार्षद रवि मोहिने ने बताया कि क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी के सहयोग से नवरात्रि के अवसर पर नगर परिषद शाढ़ौरा ने शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नगर वासियों को रामनवमी, नगर में स्ट्रीट लाइट लगने की शुभकामनाएं देते हुए नगर वासियों की ओर से सांसद सिंधिया एवं पूर्व विधायक जज्जी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान निखिल रघुवंशी, हरिओम कुशवाहा एवं कंपनी के लोग उपस्थित रहे।

# हाइवे निर्माण के लिए खोदी जा रही अवैध रूप से मुरम

## जिला खनिज अधिकारी ने खेल मैदान के पास दी मुरम उठाने की मंजूरी, मुरम खनन से लाखों सड़कें हुईं खस्ता





नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** हाइवे निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा डिपो पहाड़ी स्थित खेल मैदान के पास से मुरम उत्खन कर उठाई जा रही है, जिसमें बड़ी मशीनों और डंपरों से मुरम का उत्खन किया जा रहा है, इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि जिला खनिज अधिकारी द्वारा इस खनन के लिए अपनी सहमति दे दी गई है और ठेकेदार द्वारा इसे मनमानी पूर्वक उठाया जा रहा है, और लाखों रुपए राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। वही इस मामले में स्थानीय प्रशासन द्वारा इस मामले को दिखावा लेने की बात कही जा रही है।

उल्लेखनीय रहे है नेशनल हाईवे 346 ए पर हाइवे का निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसमें इस मुरम का उपयोग किया जा रहा है जबकि नियम अनुसार कोई भी ठेकेदार बिना लीज के कोई भी खनन नहीं कर सकता है। इसके लिए उसे राजस्व विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है, जिसके बाद वह उक्त जगह और सीमित हिस्से में उत्खनन कर सकता है, जानकारी के अनुसार एसडीएम से इस खनन के मामले उत्खन की कोई परमिशन नहीं ली गई है अब सवाल यह उठता है कि किस तरह खनिज अधिकारी द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए बिना मौके पर जांच किए कही भी खनन की परमिशन दी जाती है और ठेकेदार द्वारा लाखों का राजस्व का नुकसान कर अपना फायदा कर लेता है। वही इस मामले में नगर परिषद ने एसडीएम को पत्र लिखकर खनन रुकवाने की मांग की है। इसके अलावा स्टेशन रोड स्थित सड़क पर भी गहरे गड्ढे हो गए जो भारी वाहनों के गुजरने के कारण हुए और जिनका पेंचवर्क आजतक नहीं किया गया है। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस मामले में कोई कार्यवाही करता है या फिर इसी तरह नेशनल हाईवे का निर्माण अवैध खनन से जारी रहेगा।

### जिला खनिज अधिकारी पर लगते रहे मिली भगत के आरोप:

यह पहला मामला नहीं है जब खनिज अधिकारी पर इस तरह के आरोप लगे हो जिसमें वह ठेकेदार को खनन करने की अनुमति देते नजर आ रहे हो, इससे पहले भी कई बार खनिज अधिकारी पर ठेकेदारों से मिली भगत के आरोप लगते आए है और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं करने से उनके हौसले ओर बुलंद होते जा रहे है। जिससे उन्होंने स्थानीय एसडीएम से अनुमति लेना उचित ही नहीं समझा।

### कुछ ही महीनों में जमीदोज हो जाएगी लाखों की सड़क:

नगर परिषद द्वारा अभी कुछ माह पूर्व में ही लाखों रुपए खर्च कर पुरानी कृषि उपज मंडी से टीला रोड के लिए बायपास के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया गया था। मगर यह अवैध मुरम के परिवहन से वहां सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी है जो आने वाले समय में जमीदोज हो जाएगी। जिसके चलते लाखों की लागत वाली सड़क किसी काम की नहीं बचेगी।

***इनका कहना है।***

*इस मामले में एक टीम बनाकर मौके पर भेजी जा रही है और जो भी सामने आएगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।*

***इसरार खान,***
***एसडीएम मुंगावली।***

*हमारे द्वारा इस मामले में एसडीएम को पत्र लिखकर अवैध उत्खन को रोकने को कहा गया है साथ ही खनिज अधिकारी को भी बोला गया है।*

***विनय कुमार भट्ट, सीएमओ***
***नगर परिषद मुंगावली***

# शीतला माता मंदिर पर रही अव्यवस्था

**पूजा के लिए परेशान होना पड़ा महिलाओं को**

**मंदिर परिसर में लगीं विभिन्न सामानों की दुकानें**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** चैत नवरात्र की नवमी के दिन मां शीतला मंदिर पर बड़ी संख्या में महिलाएं माता की आराधना करने के लिए पहुंची, लेकिन यहां उन्हें अव्यवस्था के चलते काफी परेशानियों के बीच पूजा-पाठ करना पड़ी। तो वहीं मंदिर परिसर में प्रशासनिक तौर पर कोई भी जिम्मेदार नजर नहीं आया, जिससे महिलाओं में काफी गुस्सा देखा। तो वहीं प्रत्येक वर्ष लगने वाले सुरक्षाकर्मी भी मंदिर परिसर से गायब से नजर आए। जिसके कारण महिलाओं को धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा।

दरअसल नवरात्र के अवसर पर शहर की अधिकांश महिलाएं बाल्मीकि मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर पर जल चढ़ाने के लिए पहुंचती है, तो वहीं नवमी के दिन जो महिलाएं जल चढ़ाने के साथ ही माता को भोग लगाकर परिवार और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना करती है। जिसके चलते शुक्रवार को बड़ी संख्या में शहर की महिलाएं माता मंदिर पहुंची, लेकिन उन्हें वहां पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशान मंदिर की ओर पैढ भरकर जाने वाली महिला श्रद्धालुओं को हुई, क्योंकि पूरे मार्ग में दुकाने होने की बजह से उन्हें निकलने के लिए काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ा।

### मंदिर परिसर में लगी दुकाने, सुरक्षाकर्मी नदारद:

नवरात्र के अंतिम दिन बड़ी संख्या में महिलाएं माता को मनाने के लिए माता मंदिर पहुंची, लेकिन मंदिर परिसर में विभिन्न दुकाने सजने की बजह से उन्हें पूजा और भोग लगाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि जहां मंदिर में सिर्फ जल चढ़ाया जा रहा था, तो वहीं अधिकांश महिलाओं द्वारा मंदिर के बाहर की ओम,धूप किये जा रहे थे। यह दिलचस्प बात ये है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिन लोगों को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तैनात किया गया था,वह नदारद दिखे, तो वहीं मंदिर परिसर में दुकाने लगना किसी अंचभे से कम नहीं थी, क्योंकि महिलाओं की इतनी भीड़ के बाबजूद भी किसी जिम्मेदार द्वारा दुकानदारों को नहीं हटाया गया, जिसके कारण महिलाओं को पूजा-पाठ करने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी।

# मां बीजासन के दर्शन कर मांगी जिले की सुख-समृद्धि

**कलेक्टर साकेत मालवीय पहुंचे कदवाया**

**जल गंगा सवंर्धन के तहत किया श्रमदान**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर जिले के ग्राम कदवाया पहुंचकर माता बीजासन के दर्शन किये तथा जिले वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।** साथ ही कन्या पूजन कर कन्याओं को फल वितरित किये गए। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कदवाया मठ में श्रमदान किया तथा एक पेड मॉ के नाम पौधा भी लगाया गया। तो वहीं कदवाया उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी,गर्भवती महिलाओं जानकारी एवं दवा वितरण के संबंधी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। वहीं कदवाया स्थित प्राचीन पर्यटन स्थलों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ-सफाई बावडियों की साफ सफाई करने के निर्देश दिये गए। साथ ही गौशाला पहुंचकर गौमाता को चारा खिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, एसडीएम त्रिलोचन गौड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एपी प्रजापति सहित संबंधित उपस्थित थे।

# कट्टा अड़ाकर लूट और झपटमारी करने वाला गिरफ्तार

**पिपरई मार्ग पर दो अलग-अलग लोगों से की थी लूट**

**पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जब्त की बाइक**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कट्टा दिखाकर राह चलते लोगों से लूट एवं झपटमारी करने के मामले में देहात थाना पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, साथ ही उससे एक एक कट्टा और दो जिंदा राउण्ड भी जब्त किये है। इसके अलावा चोरी का मोबाइल खरीदने के मामले में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल देहात थाने में बड़े राजा पुत्र मुंशीलाल यादव निवासी ग्राम करमई ने बताया कि वह 24 मार्च की शाम 7 बजे अपनी प्लेटीना बाइक से आ रहा था, इसी बीच छपराई व नारायणपुर के बीच पिपरई रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कट्टा दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया। तो वहीं अमन पुत्र जगन्नाथ जाटव निवासी माता मंदिर के पास पठार मोहल्ला अशोकनगर ने अपने मोबाइल रियल मी को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भडूली रोड पर छीनने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई थी। वहीं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अति.पुलिस अधीक्षक गजेंद्र कंवर एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा के द्वारा आरोपीगण की धरपकड हेतु टीमें रवाना की गई एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। जिसके चलते मुखबिर सूचना के आधार पर परासरी-रिजौदा रोड़ पर कोई गंभीर बारदात करने की नियत से अपने पास 315 बोर के कट्टे व दो जिंदा राउण्डों को रखे आरोपी कृष्णपाल उर्फ गोंदा पुत्र पर्वत सिंह परिहार उम्र 24 साल निवासी ग्राम छपराई माफी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से उक्त 315 बोर का कट्टा मय जिंदा राउंडों के जप्त किया गया। वहीं ने पुलिस पूछताछ में अपने साथी धर्मवीर परिहार निवासी छपराई के साथ मिलकर बड़े राजा यादव से उक्त मोटरसाइकिल एवं अमन जाटव से मोबाईल छीनना कुबूल किया। वहीं आरोपी की निशादेही से लूट की गई मोटरसाइकिल को जप्त किया गया एवं आरोपी कृष्णपाल एवं धर्मवीर द्वारा झपटमारी कर छीने गये मोबाईल को आरोपी रामवीर परिहार निवासी छपराई को एक हजार रूपये में बेचने पर आरोपी से मोबाईल जप्त किया है। वहीं फरार आरोपी धर्मवीर की गिरफ्तारी के सतत् प्रयास किये जा रहे है। ।

**शोभायात्रा** | **जिलेभर में भक्तिभाव के साथ मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव, निकाली शोभायात्रा**

# भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला, कौशल्य हितकारी के गूंजे जयकारे





नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशल्य हितकारी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शुक्रवार को जिलेभर में उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह से लेकर देर शाम तक राम-जानकी मंदिरों पर श्रद्धालु पहुंचते नजर आए। जहां पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके साथ ही शहर में रामनवमी के अवसर पर एक (रथ )शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर मैन मार्केट स्थित बड़े मंदिर से प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए वापस पहुंची, जहां पर महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान अखाड़ोबाजो ने अपने करतब दिखाए, जिनमें बेटियों द्वारा की गई तलवारजी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहीं।

### जगह-जगह हुआ स्वागत, सर्व समाज ने बरसाए फूल:

शहर में निकाली गई शोभायात्रा सुभाष गंज, स्टेशन रोड, गांधी पार्क, मिलन चौराहा, विदिशा रोड, लंबरदार गली, बजरिया मोहल्ला, पटेल पार्क और इंदिरा पार्क होते हुए वापस मंदिर पहुंची। जहां शोभायात्रा जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया, तो वहीं सर्व समाज के लोगों द्वारा दर्जनों स्थानों पर फूल वर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत किया गया। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्यों द्वारा मिलन चौराहा जल वितरण किया गया। जहां अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संतोष रजक एवं विभाग अध्यक्ष राजेद्र नामदेव ने भगवान श्रीराम के रथ का विधिवत माल्यार्पण एवं आरती कर पूजन करते हुए जिले की सुख समृद्धि की कामना की।



### भक्ति के रंग में डूबा नगर, रामनवमी पर उमड़ा जनसैलाब, निकली भव्य प्रभातफेरी

**मुंगावली।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर में भक्ति और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। स्थानीय मलखावनी बावड़ी स्थित प्राचीन जगदीश स्वामी मंदिर से एक विशाल एवं भव्य प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया। वहीं नगर में निकाली गई प्रभात फेरी में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का अनूठा दृश्य देखने को मिला। जगह-जगह मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। वहीं जैन समाज द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार लगाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा प्रभातफेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया।

**जगदीश स्वामी मंदिर से हुआ शंखनाद:**

प्रभात फेरी का शुभारंभ सुबह मलखावनी बावड़ी स्थित जगदीश स्वामी मंदिर से होकर यह यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी।

### // आम सूचना//

मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सलूजा टावर कंपलेक्स सोनी कॉलोनी अशोक नगर मध्यप्रदेश द्वारा शाखा प्रबंधक के निर्देश अनुसार आम व खास को श्री मधुर गुप्ता पिता श्री चंद्रभान गुप्ता निवास ग्राम बमौरकलां तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी ने अपने स्वामित्व व आधिपत्य की अचल संपत्ति पर ऋण लेना प्रस्तुत किया है। जिसका रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP392982025A1092509 दिनांक 10/02/2025 के विक्रेता श्री प्रदीप कुमार जैन पिता श्री उत्तमचंद जैन निवास ग्राम बमौरकलां तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी एवं क्रेता श्री मधुर गुप्ता पिता श्री चंद्रभान गुप्ता निवास ग्राम बमौरकलां तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी क्षेत्रफल 720 वर्गफीट यानी 66.89 वर्गमीटर। विक्रयकृत भूमि भवन क्रमांक 822 प.ह.नं. 00169 ग्राम बमौरकलां तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी (म.प्र.) में स्थित है। उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा इस प्रकार है पूर्व में पिछोर चंदेरी राज्यमार्ग, पश्चिम में जतन कोली का मकान, उत्तर में मुरारी गुप्ता का मकान, दक्षिण में दयाराम साहू का मकान स्थित है।

यह की उक्त विक्रय पत्र के पूर्व के विक्रय पत्र क्रमांक MP392982017A1667567 दिनांक 29/11/2017 की मूल प्रति/ओरिजिनल रजिस्ट्री गुम हो गई है जो मिल नहीं रही है।

यह कि उक्त विक्रय पत्र, संपत्ति पर, भवन पर यदि किसी बैंक,संस्था, किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर शाखा कार्यालय में अथवा मुझे सूचित करें यदि 7 दिवस के भीतर कोई आपत्ति नहीं आती है तो उक्त संपत्ति की प्रतिभूति को बंधक ऋण दे दिया जाएगा तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हों।

***कृष्ण कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट***
***पुराने जैन मंदिर के पीछे अशोकनगर***
***मो.नं.9893853208,9131081214***